फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमंद

श्री सुनील कुमार विजयवर्गीय नि0 Q 3 गोविन्द नगर , हाउसिंग बोर्ड, धोईन्दा, जिला राजसमन्द

– अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम – **प्रत्यर्थी**

किस्म मुकदमा – अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या** 12 / 2024

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 13.03.2024 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम ऑनलाईन अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर सूचना लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम से जरिये पृष्ठांकित क्रमांक / लो0सू0अ0प्रा0 / 2024 / 161 दिनांक 12.02.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना का संबंध तहसीलदार भीम से होने से क्रमांक/ लो0सू0अ0प्रा0 / 2024 / 161 दिनांक 12.02.2024 से तहसील कार्यालय भीम को अन्तरण किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से जरिये पृष्ठांकित क्रमांकः–सू0अ0,05 / 2024 / 05–07 दिनांक 12.03.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत आवेदन के संदर्भ में नायब तहसीलदार दिवेर से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बिन्दु संख्या संख्या 1 की सूचना ग्राम ढ़ाणा में खसरा 7622 वर्तमान में बिलानाम सरकार दर्ज रिकॉर्ड पाया गया। उक्त खसरा नम्बर में मकानो एवं अतिक्रमणों को आबादी में दर्ज करने हेतु ग्राम पंचायत का प्रार्थना पत्र एवं अनापत्ति मय प्रस्ताव की प्रति प्राप्त होने पर आबादी कार्यवाही की जाएगी। तथा बिन्दु संख्या 2 व 3 के सम्बन्ध में ग्राम विकास अधिकारी एवं पटवारी हल्का की संयुक्त जांच की प्रति संलग्न है तथा बिन्दु संख्या 4 की सूचना के संबंध में वर्तमान में उप तहसील दिवेर में धारा 91 के तहत ऐसा कोई प्रकरण दर्ज नहीं है लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना अपीलार्थी को जरिये पत्र क्रमांक :– सू0अ0,05 / 2024 / 05–07 दिनांक 12.03.2024 से उपलब्ध करवा दी गयी है। अतः वांछित सूचना उपलब्ध करवा दी जाने से उक्त प्रकरण इसी स्टेज पर निर्णित किया जाता है निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी भीम तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** Bullo **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर) राजसमंद**	

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)